दिन– बुधवार                                        दिनांक– 23 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।
अवधिः– 05 मिनट

---

भीषण चक्रवाती तूफान दाना कल देर रात या शुक्रवार तड़के तक ओडिशा के तटवर्ती क्षेत्रों भितरकनिका और धामरा के बीच दस्तक दे सकता है। इस दौरान एक सौ से एक सौ बीस किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी। अभी चक्रवात ओडिशा के पारादीप से पांच सौ बीस किलोमीटर और पश्चिम बंगाल के सागर द्वीप से छह सौ किलोमीटर की दूरी पर है और पन्द्रह किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बंगाल की खाड़ी में ओडिशा तट की ओर बढ रहा है।

———————————————————————

चक्रवाती तूफान दाना के प्रभाव से राज्य के पूर्वी भागों समेत कई जिलों में तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार भागलपुर, बांका, मुंगेर, शेखपुरा, जहानाबाद, नालंदा, लखीसराय, पूर्णिया, कटिहार, किशनगंज समेत सीमांचल के विभिन्न भागों में आज और कल बारि़श की सभावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना ने बताया कि तूफान का असर पूर्णिया में देखने को मिलने लगा है। इस दौरान बादल छाए रहेंगे। इसके अलावा हल्की से मध्यम स्तर की बारिश के साथ मेघ गर्जन और तेज हवा चलेगी। विभाग ने तूफान को लेकर अलर्ट जारी किया है। लोगों को सलाह दी गई है कि वे सावधानी बरतें और आपदा प्रबंधन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें।

———————————————————————

राज्य के चार विधानसभा क्षेत्रों तरारी, बेलागंज, इमामगंज और रामगढ़ में तेरह नवम्बर को होने वाले उपचुनाव को लेकर नामांकन पत्र दाखिल करने का कार्य तेज हो गया है। निर्वाचन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अब तक इन चारों सीटों पर नौ नामांकन पत्र दाखिल किये गये हैं। इधर, असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी

एआईएमआईएम ने चारों सीटों पर प्रत्याशी उतारने का एलान कर दिया है। जबकि ताजा घटनाक्रम में प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज ने तरारी और बेलागंज सीट से अपनी प्रत्याशी बदल दिए हैं।

———————————————————————

निवार्चन आयोग आगामी उनतीस अक्टूबर से अट्ठाईस नवंबर तक प्रदेश भर मे विशेष संक्षिप्त पुनर्रिक्षण कार्यक्रम चलाएगा। इस दौरान मतदाता, निर्वाचक सूची में नाम जुड़वाने–हटाने, नाम, पता और अन्य किसी भी तरह के संशोधन के लिए आवेदन कर सकेंगे। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी साझा करते हुए बताया है कि दो नवंबर, तीन नवंबर, तेईस नवंबर और चौबीस नवंबर को विशेष पुनर्रिक्षण शिविर का आयोजन किया जायेगा।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश के विभिन्न भागों में बुनियादी संरचनाओं को मजबूत बनाने पर ध्यान केन्द्रित कर रही है। श्री कुमार आज सुपौल में विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने भपटियाही में उनतीस करोड़ नब्बे लाख की लागत से बने रेल ओवर ब्रिज का उद्घाटन किया। साथ ही मॉडल भपटियाही थाना के नए भवन का लोकार्पण और सुपौल नगर परिषद क्षेत्र में बाईस करोड़ आठ लाल की लागत से निर्मित स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज सह पंप हाउस का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने जिले के विभिन्न सड़कों के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य सहित कई निर्माण कार्यों का शिलान्यास भी किया।

———————————————————————

शिक्षामंत्री सुनिल कुमार ने कहा है कि छठ पूजा के दौरान प्रदेश के शिक्षकों को छुट्टी दिए जाने के प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है। शिक्षामंत्री ने कहा कि छुट्टी को लेकर शिक्षक संघों की ओर से अनुरोध पत्र मिला है जिस पर विचार किया जा रहा है। श्री कुमार ने कहा कि छठ पर्व महान पर्व है, शिक्षकों को भी इसमें शामिल होने की सुविधा मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि छुट्टी की मांग पर पदाधिकारियों से बातचीत कर उचित निर्णय लिया जायेगा।

——————————————————————————

गोपालगंज के जिलाधिकारी प्रशांत कुमार सीएच ने आज समाहरणालय परिसर में मोबाइल पासपोर्ट कैंप का उद्घाटन किया। तीन दिनों तक चलने वाले इस कैंप में लोगों के ऑनलाईन आवेदन लिए जायेंगे।

——————————————————————————

बेगूसराय जिले के डंडारी थाना क्षेत्र अंतर्गत हरदिया गांव में एक वृद्ध की गोलाघाट नदी में डूबने से मौत हो गई।

——————————————————————————

सारण जिले में जिलाधिकारी के निर्देश पर जन वितरण दुकानों की जाँच की जा रही है।

——————————————————————————

सुपौल के अभियंत्रण महाविद्यालय में राज्य की आर्थिक आपराध इकाई की ओर से साइबर सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

——————————————————————————

समाप्त